# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.05.2025 समय : 1850

- इसरो का पीएसएलवी–सी सिक्सटी वन रॉकेट कल सुबह श्रीहरिकोटा से ईओएस–नाईन के साथ उड़ान भरेगा।
- विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर डॉ. श्रीकांत एस ने कहा –उच्च रक्तचाप दिल की बीमारियों और आघात की वजह बन सकता है।
- दक्षिण–पश्चिम मानसून ने पूरे अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज से दस्तक दे दी है।
- KIIT अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में जे एस विराट ने श्रेणी सी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो का पीएसएलवी–सी61 रॉकेट कल सुबह 5 बजकर 59 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह, ईओएस–नाईन के साथ उड़ान भरेगा। मिशन के अंतर्गत ईओएस–नाईन को सूर्य – तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया जाएगा। ईओएस–नाईन को विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन अनुप्रयोगों के लिए निरंतर और विश्वसनीय रिमोट सेंसिंग डेटा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ईओएस–नाईन उपग्रह में एक सिंथेटिक एपर्चर रडार पेलोड है जो हर मौसम की स्थिति में विभिन्न पृथ्वी अवलोकन अनुप्रयोगों के लिए चित्र प्रदान करेगा। ये मलबा–मुक्त अंतरिक्षयान होगा। इस प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती आज सुबह शुरू हुई।

<><><><><><><>

दुनियाभर में आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना है। इस वर्ष का विषय है – अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापे, नियंत्रित करें और जीएं लंबा जीवन। आज के दिन के महत्व के बारे में आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए जी बी पंत अस्पताल के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत एस. ने कहा –

डॉ. श्रीकांत ने कहा कि उच्च रक्तचाप दिल की बीमारियों और आघात की वजह बन सकता है। उन्होंने नियमित रूप से रक्तचाप को मापने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली, शारीरिक सक्रियता, तनाव कम कर और आहार में बदलाव के माध्यम से उच्च रक्तचाप से बचा जा सकता है।

<><><><><><>

दक्षिण–पश्चिम मानसून ने पूरे अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज से दस्तक दे दी है। आज दक्षिण–पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ और हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण, अंडमान द्वीपसमूह और अंडमान सागर के शेष हिस्सों में आगे बढ़ा। इस कारण द्वीपसमूह के कई भागों में बहुत भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक श्री विजयपुरम में सत्तर दशमलव एक मिलीमीटर, लांग आइलैंड में तिरपन दशमलव दो, मायाबंदर में चालीस, कार निकोबार में पन्द्रह, हटबे में बारह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार और ननकौड़ी में एक दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले 7 दिनों के दौरान द्वीपसमूह में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इस दौरान 35–45 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएँ चलेंगी, जो 55 किमी प्रति घंटे तक पहुँच सकती हैं। इस दौरान समुद्र अशांत रहेगा।

<><><><><><>

मौजूदा खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने यात्रियों और पर्यटकों के लिए परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि निदेशालय को अल्प सूचना पर अंतर–द्वीपीय तथा फोरशोर सेक्टर जहाजों को निलंबित या रद्द करना पड़ सकता है। इस संबंध में, सभी यात्रियों और पर्यटकों को किसी भी असुविधा से बचने के लिए मौसम के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 16वां KIIT अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव आज संपन्न हो गया। इस आयोजन में 40 देशों के लगभग 1,000 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिन्होंने तीन अलग–अलग रेटिंग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। इस प्रतिस्पर्धा में द्वीपसमूह के युवा शतरंज खिलाड़ी जे एस विराट ने भाग लिया और श्रेणी सी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के महासचिव बी. निल्लईया ने इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर की।

विराट ने 1700 से नीचे रेटिंग– श्रेणी सी में शानदार प्रदर्शन करते हुए, नौ राउंड में से 5.5 अंक प्राप्त किया। उन्होंने 1600 रेटिंग उप–श्रेणी में 10वां स्थान हासिल किया। उन्हें ₹5,500 के नकद पुरस्कार के साथ एक ट्रॉफी प्रदान की गई।

<><><><><><><>

आधार प्रमाणीकरण लेन–देन की कुल संख्या एक खरब 50 अरब से अधिक हो गई है। यह भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और व्यापक आधार व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण उपलबधि है। यह उपलब्धि आधार के व्यापक उपयोग और देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था का विकास प्रदर्शित करती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि केवल अप्रैल महीने में लगभग दो अरब 10 करोड़ आधार प्रमाणीकरण लेन–देन किए गए, जो यह अप्रैल 2024 की तुलना में लगभग आठ प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, सरकारी और निजी क्षेत्र की 100 से अधिक संस्थाएं लाभ और सेवाओं के सुचारू वितरण के लिए चेहरे के प्रमाणीकरण का उपयोग कर रही हैं।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज के चिंते लांग रेंज में बाईस मई को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के निवासियों को अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कार निकोबार के अग्नि एवं आपातकालीन सेवा विभाग की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अरोंग में अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। डीब्रेट, के अनुरोध पर आयोजित इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और औद्योगिक प्रतिष्ठान में आग से संबंधित आपात स्थितियों से निपटने के लिए छात्रों को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों जैसे आग की रोकथाम, आग बुझाने की तकनीक और विभिन्न आपातकालीन परिदृश्यों में अग्निशमन शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र में 121 छात्रों और 7 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**